JALAUN POLICE

दिनांक – 18.06.2025

जनपद जालौन पुलिस द्वारा 'ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद कुल 14 माल वजन 934.160 किलोग्राम(अनुमानित कीमत लगभग 2.5 करोड रुपये) नशीले पदार्थों को मान0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन क्लीन" अभियान के क्रम में माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में जनपद जालौन के थानों में लम्बित मालों के निस्तारण हेतु चलाये जा रहे "अभियान ऑपरेशन क्लीन" के तहत माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आज दिनांक 18.06.2025 को क्षेत्राधिकारी नगर, एसपीओ जालौन व प्र0नि0 कोत0 उरई की मौजूदगी में कोतवाली उरई से सम्बन्धित एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों से सम्बन्धित बरामद नशीले पदार्थ(गांजा- 934.160 किलोग्राम) को राजकीय मेडिकल कालेज उरई जनपद जालौन की इन्सुलेटर भट्टी में समस्त माल को नष्ट कराकर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

एनडीपीएस एक्ट के माल निस्तारण हेतु गठित टीम का विवरण:-

1. क्षेत्राधिकारी नगर, जनपद जालौन
2. एसपीओ जनपद जालौन
3. प्र0नि0 कोतवाली उरई, जनपद जालौन।